**मिट्टी का तेल :**

पैट्रोलियम विभाग द्वारा 1982 के दौरान मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश को निम्नांकित मात्रा में मिट्टी के तेल का आवंटन तथा बिक्री की गई है :—

(मीटरी टन में)

| | आवंटन | बिक्री |
|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 216,200 | 218,867 |
| उत्तर प्रदेश | 539,591 | 543,740 |

**सीमेंट :**

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को सीमेंट का आवंटन औद्योगिक विकास विभाग द्वारा तिमाही आधार पर किया जाता है। इस आवंटन के लिए इसकी कुल प्रत्याशित उपलब्धता, राज्य में इसकी पिछली खपत आदि को ध्यान में रखा जाता है। मध्य प्रदेश के मामले में, राज्य सरकार द्वारा नवम्बर, 1982 में सूचित की गई प्रति तिमाही, 3,50,000 मीटरी टन सीमेंट की मांग की तुलना में मध्य प्रदेश सरकार को वर्ष 1982 में प्रति तिमाही औसतन 2,24,000 मीटरी टन के लगभग मात्रा आवंटित की गई। इसमें राज्य की सिंचाई और बिजली परियोजनाओं को आवंटित की गई मात्रा भी शामिल है। उत्तर प्रदेश के मामले में, राज्य सरकार द्वारा मई, 1982 में सूचित की गई 3,00,000 मीटरी टन की तिमाही मांग, जिसमें सिंचाई और बिजली परियोजनाओं की जरूरतें शामिल नहीं हैं, की तुलना में राज्य को वर्ष 1982 के दौरान औद्योगिक विकास विभाग द्वारा हर तिमाही में औसतन 4,91,000 मीटरी टन के लगभग सीमेंट, जिसमें सिंचाई और बिजली परियोजनाओं आवश्यकताएं भी शामिल हैं, आवंटित गया।

## पटना में गंगा नदी पर रेल पुल का निर्माण

**140. श्री राम भगत पासवान :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पटना में गंगा नदी पर प्रस्तावित रेल पुल के निर्माण से संबंधित तकनीकी सर्वेक्षण समिति ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उसने इस पुल के निर्माण के लिए दो स्थानों को उपयुक्त बतलाया है ; और

(ग) यदि हां, तो दोनों स्थानों के बारे में ब्यौरा क्या है ?

**रेल मंत्री (श्री ए० बी० ए० गनी खान चौधरी)** : (क) से (ग) तकनीकी समिति ने एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है जिसमें आगे जांच पड़ताल के लिए दीघाघाट और गुलजारबाग के वैकल्पिक स्थलों का सुझाव दिया गया है।

## गाड़ियों का रद्द किया जाना

**141. श्री राम भगत पासवान :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गंगा नदी पर सड़क-पुल बन जाने के पश्चात् बिहार के उत्तरी भाग में चलने वाली कितनी गाड़ियां रद्द की गयीं और इसके क्या कारण हैं ;

(ख) इससे रेलवे को राजस्व की कितनी हानि हुई ; और

(ग) क्या सरकार निकट भविष्य में सभी गाड़ियां फिर से चलाने की संभावना पर विचार करेगी ?

**रेल मंत्री (श्री ए० बी० ए० गनी खान चौधरी)** : (क) पटना और हाजीपुर को जोड़ने वाले महात्मा गांधी सेतु के खुलने से यातायात का स्वरूप पूर्णरुपेण बदल गया